SI. No.	Name of Employment	Date of Last Revision	Minimum wage to the lowest paid worker
22.	Quartz mines.	-do-	-do-
23.	Silica mines.	-do-	-do-
24.	Magnesite mines.	-do-	-do-
25.	Graphite mines.	-do-	-do-
26.	Felspar mines.	-do-	-do-
27.	Redoxide mines.	-do-	-do-
28.	Laterite mines.	-do-	-do-
29.	Dolomite mines.	-do-	-do-
30.	Iron Ore mines.	-do-	-do-
31.	Granite mines.	-do-	-do-
32.	Wolfram mines.	-do-	-do-
33.	Magnetite mines.	-do-	-do-
34.	Rockphosphate mines.	-do-	-do-
35.	Hematite mines.	-do-	-do-
36.	Loading, unloading in Railways' goods shed.	-do-	Rs. 32.08
37.	Ash Pit Cleaning in Railways.	-do-	Rs. 32.06
38.	Marble and Calcite mines.	-do-	Rs. 31.02
39.	Uranium mines.	-do-	-do-
40.	Mica mines.	-do-	-do-

रोजगार के अवसरों हेतु युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना

5888. **श्री नरेश यादव:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र के मझोले तथा बड़े उद्योगों में प्रति वर्ष एक निश्चित संख्या में युवाओं को प्रशिक्षुओं (एप्रेन्टिस) के रूप में प्रशिक्षण देने और उन्हें भत्ता देने का प्रावधान करने हेतु सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है ताकि उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

श्रम मंत्री (श्री पी० ए० संगमा): (क) जी नहीं, श्रीमान।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) 1975 तथा 1986 में संशोधित शिक्षु अधिनियम, 1961 की धारा 8 के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के अंतर्गत मध्यम तथा बड़े पैमाने के उद्योगों में शिक्षुओं के सभी वर्गों को एक निश्चित संख्या में नियोजित करने का प्रावधान पहले से ही है। 1975 तथा 1986 में संशोधित शिक्षु अधिनियम, 1961 की धारा 13(1) के अंतर्गत शिक्षुओं को शिक्षुता प्रशिक्षण अवधि के दौरान वृत्तिका के भुगतान का प्रावधान है। 1975 तथा 1986 में संशोधित शिक्षुता अधिनियम, 1961 के अंतर्गत शिक्षुता प्रशिक्षण योजना इन शिक्षुओं को रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता करती है।